उत्तर प्रदेश शासन
नगर विकास अनुभाग-5
संख्या-25/2016/349/नौ-5-16-33सा/2016
लखनऊ : दिनांक 22 फरवरी, 2016

कार्यालय-ज्ञाप

शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **अटल मिशन फॉर रिजूवनेशन एण्ड अर्बन ट्रांसफार्मेशन** (AMRUT-Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation) योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। उक्त योजना के अन्तर्गत नगरीय निकायों की क्रेडिट रेटिंग (Credit Ratings) किया जाना एक नगरीय सुधार है। इस हेतु भारत सरकार द्वारा एजेन्सीज को इन्पैनल्ड कर दिया गया है और वित्तीय प्रस्ताव हेतु आर.एफ.पी. डाक्यूमेन्ट टेम्प्लेट भी तैयार कर लिया गया है। यह सुधार कार्य किए जाने हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किया गया है तथा अमृत नगरों में 18 माह की समय सीमा निर्धारित की गई है। अतः नगरीय निकायों की क्रेडिट रेटिंग (Credit Ratings) सुधार कार्य प्रारम्भ कराये जाने, आर.एफ.पी. डाक्यूमेन्ट स्वीकृत करने, वित्तीय निविदाओं को स्वीकृत करने हेतु **मिशन निदेशक/निदेशक, नगर निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ** की अध्यक्षता में एक समिति का गठन निम्नानुसार किये जाने पर श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

1	मिशन निदेशक/निदेशक, नगर निकाय निदेशालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।	अध्यक्ष
2	निदेशक, सूडा या उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि।	सदस्य
3	निदेशक, क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ या उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि।	सदस्य
4	सहायक निदेशक (लेखा)/वित्त अधिकारी नगर निकाय, उ0प्र0 लखनऊ।	सदस्य
5	मिशन निदेशक/निदेशक, नगर निकाय, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा नामित स्टेट मैनेजमेन्ट यूनिट का एक विशेषज्ञ।	सदस्य
6	अपर निदेशक, क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ।	सदस्य सचिव

उमा शंकर सिंह
विशेष कार्याधिकारी।

संख्या-25/2016/349(1)/नौ-5-16-33सा/2016 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) सचिव, भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय, नई दिल्ली।
(2) प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
(3) प्रमुख सचिव/सचिव, वित्त/नियोजन उत्तर प्रदेश शासन।
(4) मिशन निदेशक/निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
(5) निदेशक, सूडा, उ0प्र0, लखनऊ।
(6) निदेशक, क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ विशवविद्यालय, लखनऊ।
(7) अपर निदेशक, क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ।
(8) प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
(9) निदेशक, सीएण्डडीएस, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
(10) गार्ड फाइल/कम्प्यूटर सेल।

आज्ञा से,
(रंग बहादुर सिंह)
उप सचिव।